जब मारे गदा हनुमान | By Dheeraj Vairagade

जब मारे गदा हनुमान कांपे थर थर थर शैतान
लेकर हनुमत राम नाम का मचा रहे घमासान
जब मारे गदा हनुमान..........

चकनाचूर करे दुश्मन को शक्ति जिनकी कमाल
किसी को स्वर्ग लोक पहुंचाते किसी को ये पाताल
इनकी बाँहें पर्वत जैसी और कदम चट्टान
जब मारे गदा हनुमान............

केशरी नंदन पवन पुत्र जी हैं शिव के अवतार
इनकी ताकत इनकी बुद्धि जग में बड़ी अपार
कोई नहीं कर पाया उनकी क्षमता का अनुमान
जब मारे गदा हनुमान............

शूरवीर हो चाहे योद्धा जो भी लड़ने आते
धूल चाटने लगते सारे ऐसी गदा घुमाते
बजरंगी से लड़ने वाले छोड़ भागे मैदान
जब मारे गदा हनुमान............

श्री राम के हैं जो विरोधी उसको कभी ना छोड़े
धीरज जो भी ना माने तो हड्डी पसली तोड़े
हनुमान भक्तों का निरंजन करते हैं कल्याण
जब मारे गदा हनुमान............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-dheeraj-vairagade/